तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025

11 महर्षि वाल्मीकि ने समाज को दिया समानता का संदेशः बेदी



11 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



## खबर संक्षेप

### कार्यक्रम में व्यक्ति की जेब से नकदी व दस्तावेज उड़ाए

**जींद।** गांव दनौदा कलां में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए व्यक्ति की जेब से किसी व्यक्ति ने 12 हजार रुपये की नगदी तथा दस्तावेज चोरी कर लिए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव करहंस निवासी सूरजभान ने पुलिस को शिकायत दी है।

### मुख्य न्यायाधीश पर जूता फैंकने की घटना की निंदा

**जींद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माक्र्सवादीकी जिला कमेटी जींद ने भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने की घटना की कड़ी निंदा की है। जिला सचिव कपूर सिंह ने कहा कि यह घटना न केवल न्यायपालिका की गरिमा पर हमला है बल्कि देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी गंभीर प्रहार है।

### मकान का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात चोरी

**जींद।** गांव लिजवाना कलां में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना, चांदी के जेवरात तथा नगदी को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव लिजवाना कलां निवासी नसीब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोर उनके मकान का ताला तोड़ कर अंदर घुस गए।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 28 तक करें आवेदन

**कैथल।** हरियाणा महिला विकास निगम की जिला प्रबंधक शशि बाला ने बताया कि विभाग द्वारा केवल हरियाणा की बीपीएल स्थायी निवासी लड़कियों महिलाओं के लिए अशोका ले लैंड ड्राईविंग प्रशिक्षण संस्थान में 21 दिन का चालक प्रशिक्षण व आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण महिलाओं को निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** सिविल लाइन थाना इलाके से युवती के गायब होने पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइन थाना इलाका के व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। व्यक्ति ने आरोप लगाया कि गांव उपलाना निवासी सागर उसकी बेटी को साथ ले गया है।

### गांव सैर से लाखों के जेवर व नकदी चुराई

**कैथल।** जिले के गांव सैर से चोर एक मकान का ताला तोड़कर वहां से लाखों रुपए के जेवरात और 70 हजार रुपए नकदी चोरी करके ले गए। इस दौरान मकान की मालिक महिला अपने बच्चों के साथ मायके गई हुई थी। जब वापस लौटी तो कमरों के ताले टूटे हुए मिले। इस संबंध में महिला ने पुलिस को शिकायत दी है। गांव सैर की पूजा देवी ने थाने में शिकायत दी है।

### महिला से मारपीट करने पर चार के खिलाफ केस

**जींद।** गांव बागडू कलां में रंजिशन महिला के साथ मारपीट करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बागडू कलां निवासी सुदेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही हरीश परिवार से रंजिश चली आ रही है।

### ड्रोन पायलेट ट्रेनिंग के लिए 15 तक करें आवेदन

**कैथल।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित विकास निगम कैथल के जिला प्रबन्धक चन्द्र प्रकाश ने बताया कि अनुसूचित जाति के प्रार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ड्रोन पायलेट ट्रेनिंग करवाई जानी है। इच्छुक प्रार्थी 15 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। वित्त एवं विकास निगम के द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जाएगा।

---

### जींद में औसतन नौ और जुलाना में 25 एमएम बारिश, कृषि कार्यों पर लगा ब्रेक, आगे भी बरसात

# बरसात ने किसानों को किया हलकान, मंडियों में धान भीगा

**बारिश से कृषि से संबंधित कार्यों पर लगा ब्रेक**

### आठ डिग्री लुढ़का तापमान, गुलाबी ठंड ने दी दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ के चलते सोमवार को जिले हुई बारिश ने किसानों को हलकान कर दिया। जिले में औसतन नौ एमएम बारिश दर्ज की गई सबसे ज्यादा जुलाना मे 25 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश से कृषि से संबंधित कार्यों पर भी ब्रेक लग गया। तेज हवा से धान फसल भी पसर गई और मंडियों में पड़ी धान फसल भीग गई। किसानों का कहना है कि खेत खलिहान से मंडियों तक धान, बाजरा तथा कपास की फसल फैली हुई है। सिवाय नुकसान के कुछ नही है। तापमान मे भी आठ डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। हवा की गति तेज होने के साथ ठंडी भी रही। जिसके साथ गुलाबी ठंड ने भी दस्तक दे दी है। सोमवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 84 प्रतिशत तथा हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। जुलाना में सबसे ज्यादा बारिश 25 एमएम दर्ज की गई। जींद तथा नरवाना में 14-14 एमएम, अलेवा चार एमएम, सफीदों में तीन एमएम तथा उचाना तथा पिल्लूखेड़ा में दो-दो एमएम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। आकाश में बादलवाई के साथ बारिश की सभावना है।



जींद। बारिश के बाद खेत में बिछी फसल। फोटो :हरिभूमि



जींद। बारिश के बाद मंडी में भीगती फसल व नागरिक अस्पताल में जमा बरसाती पानी।

#### रात को चली धूल भरी हवा

पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम ने रविवार देर शाम को करवट ले ली थी। धूल भरी आंधी चलने साथ हुई बूंदाबांदी ने कुछ धूल से राहत दिलाई। हवा तेज तथा ठंडी रही। रातभर आकाश मे बादलो को जमावडा लगा रहा। सोमवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों तथा गुलाबी ठंड के साथ हुआ। दिन चढने के बादल गहरे होते चले गए। दोपहर को बारिश शुरू हो गई। हालांकि बारिश ज्यादा नही हुई। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में आठ डिग्री तथा न्यूनतम तापमान मे दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार भी बने रहे।

#### बारिश ने बढ़ाई परेशानी

मंडियों में फसल भीगी बारिश ने किसानों की परेशानी को बढ़ा दिया है। धान, बाजरा, कपास की फसले खेत से लेकर मंडियों तक फैली हुई है। किसानों को कहना है कि अगर बारिश होती है तो फसलो को काफी नुकसान पहुंचेगा। रात को धूल भरी आंधी के कारण कुछ स्थानों पर धान फसल पसर गई। वहीं बारिश से मंडियों में पड़ी लाखों क्विंटल धान फसल भी भीग गई। फसलें मंडियो में खुले आसमां तले पड़ी हुई हैं। जिले में लगभग चार लाख टन धान फसल की आवक हो चुकी है। डेढ़ लाख क्विंटल के लगभग धान फसल बिक चुकी है। आवक भी तेजी से हो रही है। बारिश ने कृषि कार्यों पर भी ब्रेक लगा दिया है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से आठ अक्टूबर तक मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। आकाश मे बादलवाई के बनी रहने के साथ बारिश की संभावना बनी है। तापमान में भी गिरावट आएगी, किसान मौसम को ध्यान मे रख कर कृषि कार्य करें।



## राजौद : बदलते मौसम ने बढ़ाई किसानों की दिलों की धड़कन

### खुले आसमान के नीचे पड़ी धान बरसात में बही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौद

पिछले कई दिनों से मौसम मे बदलाव होने के बावजूद आम जनमानस को गर्मी का प्रकोप परेशान कर रहा था। बावजूद इसके किसान धान की फसल की कटाई मे लगे हुए थे और धीरे-धीरे अपनी फसल को सहेजने का कार्य करने मे जुटे हुए हैं। वही मंडियों मे भी धान की फ़सल मे नमी की मात्रा ज्यादा बताते खरीद को लेकर भी किसान मायूस ही नजर आ रहे हैं क्योंकि मंडियों मे खुले आसमान के नीचे पडी धान बरसात में भीगकर खराब होने की आशंका किसानों को रह रहकर व्यथित कर रही है। वही सोमवार सुबह मौसम मे आए बदलाव ने किसानों की धडकने बढ़ाकर रख दी थी लेकिन बरसात के आगमन नें किसानों की मायूसी को बढ़ाने का काम किया है। किसान कुलदीप व रामफल नें बताया की बरसात से धान की फ़सल मे नुकसान ही होगा।



राजौंद। नगर में हो रही बरसात। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

क्योंकि धान की फ़सल पककर तैयार हो चुकी है जिससे फ़सल की कटाई मे और ज्यादा समय लगेगा। जमीन गीली हो जाने के चलते कंबाइन भी कई दिन तक नहीं चल पाएगी वही बरसात व तेज हवाओं के चलते धान की फ़सल जमीन पर बिछ जाने का भी खतरा किसानों की चिंताओं को बढ़ा रहा है। फ़सल जमीन पर गिर जाने की वजह से एक तरफ जहाँ फ़सल कटाई के रेट महंगे होंगे। वही फ़सल जमीन पर गिरी होने के चलते औसत पैदावार भी कमी आएगी। किसानों नें बताया की मंडी हो या खेत हर जगह नुकसान तो किसान का ही होता है ऊपर से सरकार एम एस पी पर धान की बिक्री होने के दावे कर रही है जबकि मंडियों मे नमी का बहाना बनाकर किसान की फ़सल को लूटने का काम किया जा रहा है। 2378 रुपए रेट होने के बावजूद किसान की धान को 2000 या 2100 रुपये किवंटल तक मे लूटा जा रहा है।

## चीका अनाज मंडी में बरसात ने खोली लापरवाही की पोल


- फूंस और धान के कट्टे भीगने से व्यापारी-किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

स्थानीय अनाज मंडी में ठेकेदार और प्रशासन की लापरवाही के चलते सोमवार को हुई बारिश ने बड़ा संकट खड़ा कर दिया। मंडी में जगह-जगह फूंस के ढेर सड़कों पर बिखरे पड़े हैं, जिससे राहगीरों, किसानों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निकासी अवरुद्ध होने से मंडी की हालत बदतर हो गई है। समय पर उठान न होने के कारण सैकड़ों धान के कट्टे बारिश में भीग गए, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। वहीं, ठेकेदार विक्की ने बताया कि उसने फूंस बरसाने के लिए कैथल रोड पर चार एकड़ जमीन किराए पर ली है, लेकिन मजदूर वहां नहीं जा रहे। उनका कहना है कि उन्होंने इस संबंध में मार्किट कमेटी को कई बार अवगत कराया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

#### प्रशासन आंख मूंदे बैठा

किसानों का कहना है कि हर बारिश में यही हालात बनते हैं और प्रशासन आंख मूंदे बैठा रहता है। व्यापारियों ने मंडी प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की है। सचिव मार्किट कमेटी से फोन पर दो से तीन बार संपर्क किया गया लेकिन फोन नहीं उठाया



पाई। बरसात व अंधड के कारण गिरी धान की फसल। फोटो :हरिभूमि

## तेज हवा के साथ बरसात से धरतीपुत्रों को भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाई

रविवार की रात्रि से तेज हवा के साथ हो रही बरसात से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसान महेंद्र, सुभाष, महावीर, दिलबाग, बलवान आदि ने बताया कि अब की पहले ही किसान को भारी नुकसान हुआ था और अब रही सही कसर इस बरसात ने निकाल दी है। सबसे पहले किसानों को बौने पौधे की बिमारी को झेला है। उसके बाद उनकी फसल में हल्दी फंगस की बिमारी लग गई। इन दोनों बिमारियों का असर इतना हुआ कि एक एकड़ में से जहां 90 मण निकलनी थी, उसकी जगह लगभग 20 से 30 मण ही निकल रही है। किसान को 60 से 70 मण प्रति एकड़ यानि लगभग 60 हजार रुपए प्रति एकड़ का नुक़सान हुआ है। अब इस बरसात से 1718, 1121 आदि की जो धान खेतों में खड़ी थी, वह जमीन पर गिर गई है। किसानों को आशा थी कि मोटी धान न सही, बारीक से उनकी खेती पर खर्च आने वाली कुछ लागत तो मिल जाएगी। जिन किसानों की मोटी धान खेतों में खड़ी थी, उनकों भी नुकसान हुआ है।

## जमीनी विवाद में बुजुर्ग की मौत

- छह लोगों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के चीका में जमीन विवाद के चलते हुई मारपीट में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। आरोप है कि छह आरोपियों ने बुजुर्ग को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में 6 लोगों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। मृतक के बेटे अनिल कुमार ने बताया कि उनके पिता नौरियामल हार्ट के मरीज थे और उनके शरीर में पांच स्टेंट लगे हुए थे। उनके पिता की दुकान पर कब्जा था, जबकि आरोपी—भोजराज, कर्ण, मुकेश, उमेश, सचिन और अजय दुकान के एक हिस्से पर कब्जा करना चाहते थे। अनिल कुमार ने बताया कि 1 अक्टूबर को आरोपी दुकान पर आए, लेकिन पुलिस बुलाने के बाद चले गए। इसके बाद 5 अक्टूबर को आरोपी हथौड़े और फाली लेकर दुकान पर आए और नाजायज कब्जा करने के प्रयास में शटर तोड़ दिया। जब नौरियामल ने विरोध किया तो मुकेश और उमेश ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद भी भोजराज और अजय ने दोबारा धक्का दिया, जिससे बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें पटियाला इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मृत घोषित कर दिया गया। चीका थाना के जांच अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है और आगामी कार्रवाई की जाएगी।

#### मामले की जांच जारी

चीका थाना के जांच अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि इस संबंध में पुलिस के पास शिकायत आई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 659 किलो पटाखे बरामद व कैंटर जब्त

- अवैध रूप से 200 पेटियां पटाखे रखने के मामले में आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा थाना सिविल लाइन क्षेत्र से एक कैंटर को काबू करके 1659 किलो पटाखे बरामद किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम सांयकालीन गश्त दौरान जनकपुरी कॉलोनी कैथल में मौजूद थी, जहां एक गुप्त सूचना मिली कि वार्ड नं 9 कवर चौंक असंध निवासी राजेंद्र सिंह जो हाल अम्बेडकर नगर कैथल निवासी रामफल के मकान में किराये पर रह रहा हैं। जिसने ओक्स फोर्ड स्कूल के पीछे कॉलोनी अम्बेडकर नगर कैथल में अवैध रूप से पटाखे बेचने के लिए रखे हुए हैं। जो अभी कैंटर में अवैध पटाखे चटर पटर लोड करके बेचने के लिए कहीं बाहर लेकर जाने वाला हैं। सूचना विश्वसनीय होने के कारण एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ व फायर ब्रिगेड से नरेश कुमार की टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते हुए मौके पर छापेमारी करके आरोपी के कब्जे से कैंटर में रखी 200 पेटियों से 1659.470 किलोग्राम चटर पटर ज्वलनशील विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। राजेंद्र सिंह बरामद पटाखों व सामग्री से संबंधित कोई लाइसेंस व परमिट पेश नहीं कर सका। जिस बारे में आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाईन में विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।



#### मामला दर्ज

चौकी पुंडरी पुलिस द्वारा 367.566 किलोग्राम अवैध पटाखों सहित आरोपी काबु पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी पुंडरी पुलिस के एएसआई बलजीत सिंह की टीम सांयकालीन गश्त दौरान ब्रह्मानंद चौक पुंडरी पर मौजूद थी, जहां एक गुप्त सूचना मिली थी कि असंध जिला करनाल निवासी बलजीत सिंह जो हाल किरायेदार पाई रोड़ पुंडरी अवैध पटाखे चटर पटर लेकर बेचने के लिए कहीं बाहर जाने वाला हैं। सूचना विश्वसनीय होने के कारण चौकी पुंडरी पुलिस व दमकल विभाग पुंडरी से दर्शन सिंह की टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते मौके पर छापेमारी करके आरोपी के कब्जे से 45 पेटियों में 367.566 किलोग्राम चटर पटर ज्वलनशील विस्फोटक सामग्री व 220 किलोग्राम गत्ता पेटी डिस्पोजल बरामद हुई। आरोपी अवैध पटाखों व सामग्री से संबंधित कोई लाइसेंस व परमिट पेश नहीं कर सका। जिस बारे में आरोपी के खिलाफ थाना पूंडरी में विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**कार्यक्रम** | विधायक हल्के में किए 4.24 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास

## प्रदेश के हर गांव का समग्र विकास नायब सरकार की प्राथमिकताः सतपाल जांबा

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूंडरी विधानसभा में हो रहे अभूतपूर्व विकास कार्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को नई दिशा देते हुए विधायक सतपाल जांबा ने विभिन्न गांवों में करीब 4 करोड़ 24 लाख 9 हजार रुपये की लागत से बनने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गांव मोहना से दोपहर 3 बजे किया जहां 13 लाख रुपये की लागत से गली निर्माण, 4 लाख रुपये की लागत से सीसीटीवी कैमरे और 10.50 लाख रुपये की लागत से पार्क का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसके बाद गांव पाई में दोपहर 3:30 बजे 13 लाख रुपये की लागत से गंगना चौपाल में हाल निर्माण, 8 लाख रुपये के सीसीटीवी कैमरे तथा 92 लाख रुपये की लागत से स्पेशल सड़क रिपेयर का शिलान्यास किया गया। गांव करोड़ा में दोपहर 4 बजे 3.62 करोड़ रुपये की लागत से करोड़ा से रमाना रमानी सड़क के नवीनीकरण व चौड़ीकरण, 7 लाख रुपये की लागत से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके बाद गांव बधनारा में दोपहर 4:30 बजे 5.59 लाख रुपये की लागत से ब्राह्मण चौपाल में कमरा बनाया जाएगा। गांव टयोंठा में शाम 5 बजे 5 लाख रुपये के सीसीटीवी कैमरे और 8 लाख रुपये की लागत से गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि हर गांव का समग्र विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में पूंडरी विधानसभा में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं।



गांव मोहना में विकास कार्यों का शुभारंभ करते विधायक सतपाल जांम्बा।



जींद। रोष जताते हुए पटवारी। फोटो :हरिभूमि

#### पटवारियों ने नारेबाजी कर जताया रोष

**जींद।** द राजस्व पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को मांगे न माने जाने के विरोध में पटवारियों तथा कानूनगो ने काली पट्टी बांध कर कार्य किया। इस दौरान पटवारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। जिला प्रधान सूबे सिंह व राज्य कोषाध्यक्ष सन्नी डागर ने कहा कि नौ अक्टूबर को पटवारी तथा कानूनगो सांकेतिक धरना देंगे। उन्होंने बताया कि गत सात जनवरी को सीएम नायब सैनी ने नवनियुक्तपटवारियों को प्रशिक्षण अवधि में पूरा वेतन, प्रशिक्षण अवधि को सेवा अवधि मानने, प्रशिक्षण अवधि को डेढ़ साल की बजाने एक साल करने की घोषणा की थी। बावजूद इसके उसका नोटिफिकेशन अभी तक जारी नही किया है। जिस कारण नवनियुक्त पटवारिया की परीक्षा लेना भी संभव नही हो पा रहा है। सरकार को कई बार लिखा गया है लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नही मिला। अब ऐसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को पटवारियों तथा कानूनगो ने विरोध में काली पट्टी बांध कर विरोध जताया है।

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक, मंगलवार
7 अक्टूबर 2025
करवा चौथ विशेष



# दांपत्य जीवन में आस्था का उत्सव

करवा चौथ का पर्व स्त्रियों की आस्था और दांपत्य जीवन के प्रति उनके समर्पण के भाव को प्रतिबिंबित करता है। विवाहित स्त्रियां इस पर्व के जरिए चांद को साक्षी मानकर अपने रिश्तों को संजोने का संकल्प लेती हैं, जिसमें उनके परिवार के सदस्यों का अपनापन, स्नेह और संस्कृति-पूजन परंपराओं की सोंधी महक भी समायी होती है।

आवरण कथा
कल्पना मनोरमा

भारत में मनाए जाने वाले अनेक पर्वों में कुछ ऐसे भी हैं, जो सीधे स्त्री मन की गहराई को छूते हैं। करवा चौथ इन्हीं में से एक है। यह केवल एक दिन का व्रत नहीं, स्त्री के प्रेम, समर्पण और आस्था की आत्मिक निष्ठा है, जो हर वक्त उसके हृदय में बनी रहती है। हर वर्ष करवा चौथ का दिन स्त्रियों को यह याद दिलाता है कि रिश्तों की शक्ति केवल शब्दों या कथनों में नहीं, बल्कि भावनाओं, विश्वास और त्याग में निहित होती है।



### स्त्री के अस्तित्व की आत्मीय अनुभूति

करवा चौथ का व्रत, स्त्री के लिए केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, उसके अस्तित्व की वह आत्मीय अनुभूति है, जिसमें प्रेम, आस्था और समर्पण एक साथ बसते हैं। यह दिन उसे अवसर देता है कि वह अपने रिश्ते को साधारण दिनचर्या से उठाकर, एक ऊंचे भावलोक तक पहुंचा सके। चांद की शीतलता में जब एक स्त्री दीप-जल के साथ पति का मुखड़ा देखती है, तो ऐसा लगता है कि चांद भी उस दिन अपनी कोमल छटा में इतरा रहा है।

### स्त्री के भीतर छिपे अदृश्य सौंदर्य का उत्सव

भारतीय संस्कृति में व्रत और उपवास कोई भी कर सकता है, लेकिन त्याग-समर्पण का जिम्मा स्त्री ने अपनी पहचान और अधिकार बना लिया है। भारतीय स्त्रियां केवल व्रतों के माध्यम से ही नहीं, अपने हर कर्म और समर्पित प्रयास से परिवार को पोषित करती हैं। इसी क्रम में करवा चौथ स्त्री के भीतर छिपे उस अदृश्य सौंदर्य का उत्सव है, जो रिश्तों में नई ऊष्मा भरता है।

### घर और मन की सजावट

हमारे हर पर्व की अपनी अलग सुगंध, रंग-रूप और तैयारी होती है। करवा चौथ की तैयारियां भी केवल एक दिन पहले से शुरू नहीं होतीं, बल्कि इसकी मानसिक तैयारी तो बरसात के दिनों से ही शुरू हो जाती है। बरसात के बीतने के बाद, जैसे ही मौसम अपना रुख बदलता है, स्त्रियां धीरे-धीरे करवा चौथ की तैयारी की सोचने लगती हैं। घर की सबसे बड़ी या अनुभवी स्त्री की अनुमति लेकर युवा स्त्रियां घर में एक शांत और पवित्र कोना चुनती हैं। इसके बाद अल्पना बनाने का काम होता है। घर की सबसे कुशल और होशियार बहू को कुछ दिनों के लिए चौका-बर्तन से छुट्टी दे दी जाती है, ताकि वह ध्यानपूर्वक अल्पना बना सके। करवा की अल्पना में स्त्री ने सदैव प्रकृति को प्रमुखता दी है। उसने अपनी सहगामी परिधि में सूरज, चांद, सितारे, बरगद, पीपल, रिश्ते, भाई-बहन, देवरानी-जेठानी, मजदूर, गाय-बैल और किसान सबको बनाया और पूजा की। यह अल्पना केवल सजावट नहीं, बल्कि स्त्री के मन, उसकी कल्पना और उसके जीवन के छोटे-बड़े हिस्सों का प्रतिबिंब भी होती है।

### अपनत्व से दमकता स्त्री मन

जब करवा चौथ का व्रत आता, तो उसकी पहली रात घर की बड़ी-बूढ़ी स्त्रियां खीर, हलुआ और अन्य मिठाइयां तैयार करती हैं। चाहे दिन भर कितनी भी व्यस्तता क्यों न हो, कुछ मीठा अवश्य बनता है, ताकि व्रती स्त्री खा सके। क्योंकि मीठा खाने से प्यास नहीं लगती और दूसरा दिन ऊर्जावान बना रहता है। हाथों में मेहंदी रचती है, साड़ी, झुमके और नथ-टीका निकाले जाते हैं। इन तैयारियों के बीच, स्त्रियों का मन अपनत्व से दमकता रहता है।



### व्रत का दिन और उत्सव का चरम

व्रत वाले दिन स्त्री निर्जल रहकर भी उमंग-उत्साह से लबरेज रहती है। सुबह से ही घर का वातावरण विशेष प्रतीत होता है। हर काम, चाहे सफाई में झाड़ू लगाने का काम हो या बच्चों को तैयार करने का, पवित्र और ध्यानमग्न होकर किया जाता है। रात होते-होते घर का माहौल और भी उल्लासमय हो जाता है। बाहर चांदनी शांत और कोमल रात होती है और अंदर करवा की पूजा-पाठ, कथा कही-सुनाई जाती है। पति के मंगलमय जीवन की कामना की जाती है। जब चांद निकलता है तो वह केवल आकाशीय घटना भर नहीं रह जाता, उस क्षण स्त्री के मनाकाश में प्रेम और विश्वास का प्रतीक बनकर चांद उदित होता है। करवा के व्रत का सबसे भावपूर्ण क्षण वह होता है, जब पत्नी चांद को अर्घ्य देती है फिर पति के हाथ से जल ग्रहण करती है तो उसकी आंखों में उस क्षण प्रेम की एक अलग ही चमक होती है।

इस तरह स्त्रियों के मन और हृदय में बसी श्रद्धा और आस्था है, जो न केवल उनके जीवन को रोशन करती है, बल्कि परिवार और रिश्तों को स्थायी, आत्मीय और सजीव बनाती है। मिट्टी की खुशबू, चांद की शीतलता और लोकगीतों का मधुर स्वर, ये सब मिलकर करवा चौथ को केवल उपवास या पूजा नहीं, बल्कि संस्कृति और प्रेम का जीवंत उत्सव बना देते हैं। कहा जा सकता है कि ऐसे त्योहार, केवल आनंद के अवसर ही निर्मित नहीं करते, ये हमें समय, समुदाय और जीवन के गहरे अर्थों की याद दिलाते हैं। ये हमें प्रेम से जीना सिखाते हैं, आपस में जोड़कर रखते हैं।


---

करवा चौथ के दौरान कई महिलाओं को डिहाइड्रेशन की समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए आपको सरगी लेते समय ऐसे फूड्स, ड्रिंक्स को शामिल करना चाहिए, जिससे आप पूरे दिन हाइड्रेटेड-एनर्जेटिक फील कर सकें।


# व्रत के दौरान इस तरह रखें खुद को हाइड्रेट

डाइट सजेशन
निकिता चौहान

करवा चौथ पर विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं। इस दिन वे सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक उपवास रखती हैं और अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। इस दौरान कई महिलाओं को कमजोरी महसूस होती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि वे खुद को प्रॉपर तरीके से हाइड्रेट नहीं रखती हैं। इस वजह से उन्हें चक्कर आने लगता है तो कुछ को मितली जैसा महसूस होता है। इन समस्याओं से बचने के लिए महिलाओं और विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को व्रत के दौरान अपने हाइड्रेशन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। यहां आपको खुद को हाइड्रेट रखने के तरीके बता रहे हैं।



**ऐसे करें दिन की शुरुआत:** दिन की शुरुआत 2-3 गिलास सादा पानी पीने से करें। इसके बाद सूर्योदय से पहले खाई जाने वाली सरगी में ऐसे खाद्य को शामिल करें, जिसमें पानी पर्याप्त मात्रा में हो। नारियल पानी और छाछ पी सकती हैं। इनमें इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेटेड और ठंडा रखते हैं। चाय, कॉफी और नमकीन स्नैक्स लेने से बचें। व्रत के दौरान पानी से भरपूर फल जैसे संतरा, पपीता और खीरा आदि का सेवन कर सकती हैं।



आपको भूख महसूस न हो इसके लिए सरगी में आप हेल्दी फैट्स और प्रोटीन लें। इसके लिए भीगे बादाम, दूध, दही और पनीर का सेवन कर सकती हैं।

**इन बातों का रखें ध्यान:** अगर आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है या कमजोरी महसूस कर रही हैं तो पूरे दिन का निर्जला व्रत रखने से बचें। पूरे दिन थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पानी पीती रहें। नारियल पानी या ओआरएस घोल भी पी सकती हैं। ठोस खाद्य के बजाय तरल पदार्थ अधिक मात्रा में लें। निराहार के बजाय फलाहार उपवास कर सकती हैं।

**थकान से बचें:** व्रत के दौरान पानी की कमी ना हो इसके लिए दिन के समय धूप और गर्मी से बचें। ज्यादा शारीरिक श्रम न करें और हल्की, ढीली ड्रेस पहनें। आराम करती रहें ताकि पसीने से पानी की कमी न हो।

**डिहाइड्रेशन के लक्षण पहचानें:** उपवास के दौरान पानी न पीने से कई महिलाओं को डिहाइड्रेशन का रिस्क रहता है। ऐसे में आपको इन लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी है- चक्कर या हल्की बेहोशी महसूस होना, सिरदर्द, बार-बार होंठ या मुंह सूखना, थकान या चिड़चिड़ापन, यूरीन कम होना या गहरे रंग का होना। अगर ये सभी या इनमें से कोई लक्षण दिखे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**डॉक्टर से कंसल्ट करें:** अगर आपको कोई मेडिकल इश्यू है या आप प्रेग्नेंट हैं तो व्रत रखने का निर्णय लेने से पहले स्त्री रोग विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें। डॉक्टर आपके ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल और आपकी सेहत की अन्य बातों पर गौर करके आपको व्रत के दौरान सावधानी बरतने संबंधी उचित सलाह देंगी। आपको ध्यान रखना चाहिए कि हर महिला का शरीर अलग तरह का होता है। ऐसे में व्रत के दौरान क्या करना है, क्या नहीं, इस बारे में अपने डॉक्टर से जरूर बात करें।

**(मदरहुड अस्पताल, एनसीआर की कंसल्टेंट गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. स्मिति जैन से बातचीत पर आधारित)**


---

भावनाएं / प्रस्तुतिः आरती सक्सेना

# दांपत्य जीवन में प्रेम-समर्पण का प्रतीक करवा चौथ का व्रत

दांपत्य का रिश्ता पति-पत्नी दोनों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए इस रिश्ते का मधुर और मजबूत होना बहुत जरूरी है। फिल्म-टीवी की अभिनेत्रियां बता रही हैं करवा चौथ का पर्व उनके दांपत्य जीवन में क्या मायने रखता है, वे इस पर्व को कैसे मनाती हैं, इस बार उनकी क्या तैयारी है?

### यह अनोखा पर्व हमारे दांपत्य जीवन में मधुरता घोलता हैः कियारा आडवाणी



अपनी शादी के बाद मैं हर वर्ष करवा चौथ पूजा पूरे विधि-विधान के साथ करती हूं, व्रत रखती हूं, अपने पति सिद्धार्थ की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन की मंगल कामना करती हूं। इस साल भी मैं करवा चौथ व्रत रखूंगी। इसकी तैयारी मैंने अभी से शुरू कर दी है। इस बार मैं करवा चौथ के लिए स्पेशल ड्रेस या डिजाइनर साड़ी लेने वाली हूं। सिद्धार्थ के लिए भी खूबसूरत कुर्ता-पजामा खरीदूंगी। हर साल मैं करवा चौथ पर स्पेशल मेहंदी लगवाती हूं, जिसमें सिद्धार्थ के नाम का पहला अक्षर मेरे हाथ पर लिखा होता है। इस बार भी मैं ऐसी ही मेहंदी लगाने वाली हूं। रोजमर्रा की जिंदगी में मैं लाइट कलर के ड्रेस पहनना पसंद करती हूं, लेकिन करवा चौथ पर मुझे डार्क कलर पहनना पसंद है, जैसे रेड, मैरून, डार्क पिंक। पिछले साल मैंने ससुराल में करवा चौथ मनाया था, जो मेरे लिए बहुत यादगार रहा। ससुराल में करवा चौथ पर सिर्फ सिद्धार्थ ही नहीं, मेरी सासू मां और पूरा परिवार मेरा बहुत ध्यान रख रहा था। मेरी सास ने मुझे करवा चौथ की सुबह सरगी दी, जो मैंने सुबह-सुबह चार बजे खाई। इसके बाद बिना कुछ खाए-पिए करवा चौथ का व्रत रखा। रात को चांद देखकर मैंने अपना करवा चौथ का व्रत सिद्धार्थ के हाथों पानी पीकर खोला। इसके बाद हम दोनों लोग ड्राइव पर गए। सिद्धार्थ ने मुझे सरप्राइज गिफ्ट दिया, जो एक खूबसूरत मोबाइल था। करवा चौथ का व्रत मेरे लिए इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हर करवा चौथ पर हमारा रिश्ता और मजबूत होता है। यह बहुत अनोखा पर्व है, हमारे दांपत्य जीवन में मधुरता घोलता है।

### स्त्री का सुहाग उसके जीवन का एक वरदान हैः भारती सिंह



जब मैं बहुत छोटी थी, शादीशुदा महिलाओं को करवा चौथ व्रत रखते देखती थी। उनका सजना-संवरना मिलकर करवा चौथ की पूजा करना, चांद देखकर अपने पति के हाथों जल पीकर व्रत तोड़ना, ये सब मुझे बहुत भाता था। मैं सोचती थी, जब मैं बड़ी होऊंगी, शादी करूंगी तो इन महिलाओं की तरह मैं भी अपने पति के लिए ऐसे ही सज-धज कर करवा चौथ की पूजा करूंगी। उस वक्त मुझे यह नहीं पता था कि करवा चौथ का व्रत भूखे-प्यासे रहकर करना पड़ता है। शादी के बाद जब मैंने पहली बार करवा चौथ का व्रत रखा, उस वक्त पूरा दिन भूखा-प्यासा रहकर मेरी हालत बहुत पतली हो गई थी। लेकिन रात को जब चांद देखकर व्रत तोड़ा, तो एक अलग ही सुकून मिला। इसके बाद हर साल मैं पूरे दिल से करवा चौथ का व्रत रखती हूं। मेरा मानना है स्त्री का सुहाग उसके जीवन का एक वरदान है। इस बात का एहसास मुझे उस वक्त हुआ, जब मेरी लाइफ में हर्ष की एंट्री हुई। हर्ष ने मुझे इतना प्यार दिया, इतनी खुशी दी कि मैं उनके बिना जीने की कल्पना भी नहीं कर सकती। करवा चौथ के दिन मैं सुबह चार बजे उठकर सास द्वारा दी गई सरगी खाती हूं। पूरा दिन सजने-संवरने में जुटी रहती हूं, हाथों में मेहंदी से लेकर पैरों में पायल, ज्वेलरी, मेकअप, हेयर स्टाइल सब कुछ पूरे दिन चलता रहता है। इस दिन हर्ष मेरी हर बात मानते हैं, मेरे नखरे उठाते हैं। हर साल वह मेरे लिए कोई ना कोई खूबसूरत गिफ्ट लेकर जरूर आते हैं। इस बार भी मैं धूमधाम से करवा चौथ मनाऊंगी। करवा चौथ की फोटोज और वीडियो भी आप लोगों के साथ शेयर करूंगी।

---

मेकअप
सरिता गुप्ता

# ग्लिटरी-ब्राइट मेकअप से निखर उठेगी खूबसूरती

विवाहित महिलाओं का सबसे बड़ा त्योहार करवा चौथ को माना जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जल व्रत रखती हैं। इस अवसर पर बड़े चाव से सजती-संवरती भी हैं। सुंदर सी साड़ी, लहंगा, मैचिंग ज्वेलरी कैरी करती हैं, मेहंदी, महावर भी लगाती हैं। इसके साथ ही, पूजा करने के लिए वे अच्छे से मेकअप भी करना चाहती हैं। इस ऑकेजन पर आपका मेकअप स्पेशल होना चाहिए। इसीलिए यहां हम आपको बता रहे हैं ग्लिटरी-ब्राइट मेकअप के स्टेप्स।

**मॉयश्चराइजर:** मेकअप शुरू करने के पहले स्टेप में फेस पर मॉयश्चराइजर लगाएं। इससे चेहरे पर मेकअप लंबे समय तक टिका रहता है। मॉयश्चराइजर लगाने के 10 मिनट बाद बेस लगाना सही रहता है।

**कंसीलर:** अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे हैं और आप उन्हें छुपाना चाहती हैं तो कंसीलर का यूज जरूर करें। साथ ही चेहरे पर चमक लाने के लिए आप प्राइमर का यूज कंसीलर से पहले करें।



**फाउंडेशन या बेस:** फाउंडेशन या बेस खरीदते समय अपनी स्किन टोन से मैचिंग जरूर कर लें। साथ ही ऐसे फाउंडेशन का सेलेक्शन करें, जो लॉन्ग-लास्टिंग हो ताकि आपका मेकअप लंबे समय तक बरकरार रहे। स्किन टोन से मैचिंग बेस को अच्छे तरीके से ब्लेंड करें। इससे फेस पर नेचुरल ग्लो आता है।

**अप्लाई करें ब्लशर:** बेस लगाने के बाद गालों पर हल्का-सा ब्लशर अप्लाई करें ताकि चेहरे पर ग्लो दिखाई दे।

**आइज मेकअप:** फेस मेकअप के बाद आइज मेकअप की बारी आती है। आंखों को सुंदर दिखाने के लिए आप अपनी ड्रेस से मैच करता हुआ लाइट ब्राउन या लाइट ग्रे कलर का आईशैडो लगा सकती हैं। आंखों का मेकअप हाईलाइट करने के लिए आप हल्की ग्लिटर वाली या शिमरी आईशैडो का यूज भी कर सकती हैं।

**मस्कारा:** मस्कारा लगाने से आपकी पलकें घनी और लंबी दिखाई देती हैं। आंखों पर मस्कारा का एक कोट लगाना काफी है। एक से अधिक कोट ना लगाएं।

**आई लाइनर:** आंखों के मेकअप को क्लीन दिखाने के लिए पतला आई लाइनर लगाएं। अगर अपने मेकअप को स्पेशल फेस्टिव टच देना चाहती हैं तो आप लाइट ब्राउन या ब्लू कलर का आई लाइनर चुन सकती हैं।

**लिपस्टिक:** मेकअप को कंप्लीट लुक देने के लिए लिपस्टिक का सही शेड चुनना बहुत जरूरी है। गलत शेड आपके मेकअप का लुक बिगाड़ सकता है। ध्यान रखें कि अगर आपने आइज मेकअप डार्क किया है तो लिपस्टिक लाइट लगाएं। होंठों को ड्राई होने से बचाने के लिए पहले लिप बाम लगाएं।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट आरती सिन्हा से बातचीत पर आधारित)**

---

पर्व संदेश
सरस्वती रमेश

हमारे हर पर्व के पीछे कोई ना कोई बड़ा उद्देश्य होता है, उसके संदेश होते हैं। करवा चौथ भी ऐसा ही एक पर्व है। करवा चौथ पति-पत्नी के संबंध मधुर और मजबूत बनाने के साथ पूरे परिवार को आपस में जोड़ता है।

# करवा चौथ के अवसर पर बनें प्यार-परंपरा के साक्षी

दांपत्य, एक अनूठा रिश्ता है, ऐसा रिश्ता जो एक ही रिश्ते में अनेक रिश्तों को समाहित किए है। जीवनसाथी सिर्फ पति-पत्नी के बंधन में नहीं बंधे होते, उनका रिश्ता साथ, विश्वास और सहयोग का होता है। दांपत्य का रिश्ता उस नाजुक बेल की तरह होता है, जो




एक-दूसरे के सहारे से आगे बढ़ती है। कभी-कभी इस नाजुक बेल की मजबूती के लिए कुछ खास भी करना पड़ता है। वही खास अवसर है-करवा चौथ का पर्व। इस अवसर पर दांपत्य के रिश्ते को हरा-भरा और पुष्पित करने के लिए पत्नी अपने प्रेम का जल, भरोसे की खाद और समर्पण की धूप देती है। यह रिश्ता हमेशा खिला-खिला रहे, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है, जैसे-

**साथ का अहसास:** करवा चौथ पर सुहागन स्त्रियां व्रत रखती हैं, लेकिन उनके लिए यह सिर्फ एक व्रत मात्र नहीं है, इस दिन वे मेहंदी, महावर, कुमकुम, मांग-टीका और तन के सारे श्रृंगार कर, दांपत्य जीवन का भी श्रृंगार करती हैं। व्रत के साथ यह सदिच्छा भी जुड़ी होती है, यह अहसास भी कि हर उम्र में, हर मोड़ पर दांपत्य की बगिया अपने सुंदरतम रूप में खिली रहे। यहां यह भी ध्यान देने वाली बात है, स्त्री का यह सुंदर स्वप्न तभी पूरा होगा, जब उसे अपने जीवनसाथी का भरपूर प्यार और साथ मिले। करवा चौथ इस साथ के अहसास को और गहरा करता है।

**रिश्ते में हो त्याग की भावना:** जैसा कि हम सब जानते हैं, करवा चौथ पर स्त्री अन्न-जल त्याग कर पति की लंबी आयु की प्रार्थना करती है। दांपत्य के रिश्ते को हमेशा सजीव और मधुर रखने के लिए हमें इसी तरह के त्याग की जरूरत होती है। जब रिश्ते में त्याग का भाव निहित हो, तभी दांपत्य की खुशहाली संभव है।

**पति भी रखे ख्याल:** जिस तरह किसी त्योहार का पारंपरिक और सांस्कृतिक पक्ष होता है, उसी तरह उसका व्यावहारिक पक्ष भी होता है। करवा चौथ का भी व्यावहारिक पक्ष है, यह विवाह के वक्त किए गए वचनों को आगे बढ़ाने और व्यावहारिक रूप से उन्हें जीवन में अपनाने के लिए इंगित करता है। यदि पति की लंबी आयु की कामना से पत्नी कठिन व्रत रख सकती है, तो पति को भी उसकी सेहत और मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए।

### पूरे परिवार का उत्सव



**करवा चौथ** पूरे परिवार का उत्सव है। भले ही इसका पालन घर की स्त्रियों द्वारा होता है, लेकिन जब तक परिवार का प्रत्येक सदस्य इसमें शामिल न हो, तब तक इस त्योहार को मनाने का अर्थ परिपूर्ण नहीं होता। करवा चौथ का पर्व परिवार के लोगों को आपस में जोड़ता है, हंसी-मजाक और आत्मीयता के नए अवसर सुलभ करता है। सारी स्त्रियां मिलकर मेहंदी लगाती हैं, श्रृंगार करती हैं, गीत गाती हैं, दिल खोलकर हंसती हैं। घर में पकवान बनते हैं, बच्चे खुश होकर घर में डोलते हैं। यही तो त्योहारों को मनाने का उद्देश्य है कि हर ओर उमंग-उल्लास फैले, रंग और उजास फैले।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय वाल्मीकि जयंती समारोह आज

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि संत महापुरूष सम्मान एवं विचार-प्रसार योजना के तहत 7 अक्टूबर को डीआरडीए हॉल में जिलास्तरीय भगवान वाल्मीकि जयंती समारोह का आयोजन होगा। सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे और विशिष्ठ अतिथि के तौर पर उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री, भाजपा नेता कैप्टन योगेश बैरागी शिरकत करेंगे।

### प्रतियोगिताओं में छात्रा लावण्या ने जीता स्वर्ण

जींद। हरियाणा के कैथल में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली कराटे खेल प्रतियोगिता व पंचकूला में आयोजित महाकुंभ खेलों में कराटे प्रतियोगिता में एसडी स्कूल जींद की छात्रा लावण्या ने अंडर 17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने व राष्ट्रीय स्तर खेल प्रतियोगिता में चयन होने पर विद्यालय एवं जींद शहर का नाम रोशन किया।

### संदीप कुंडू को राज्य प्रेस सचिव नियुक्त किया

जींद। बहु उद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा की राज्य कोर कमेटी से विचार-विमर्श एवं सर्वसम्मति से एमपीएचडब्ल्यू संदीप को एसोसिएशन का राज्य प्रेस सचिव नियुक्त किया गया है। संदीप कुंडू वर्ष 2018 में एमपीएचडब्ल्यू वर्ग की 24 दिन चली हड़ताल के समय भी राज्य प्रेस सचिव की भूमिका में रहे है व निर्णायक आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं।

### पर्यावरण बचाने के लिए फर्ज निभाएं अपना

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के किसानों से आह्वान किया कि हम संकल्प लें कि पर्यावरण बचाने के लिए अपना फर्ज निभाएंगे और खेतों में पराली नहीं जलाएंगे। उन्होंने कहा कि हम खुद को और नई पीढ़ी को सुरक्षित व स्वस्थ जीवन दें। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि वायु प्रदूषण से सांस, फेफड़ों से संबंधित बीमारियों तो होती ही है सामान्य स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

### आर्य स्कूल में मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

नरवाना। आर्य वमावि में सोमवार को प्रातःकालीन प्रार्थना सभा के दौरान महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े श्रद्धा एवं आदर के साथ मनाई गई। विद्यालय के प्राचार्य रघु भूषण लाल गुप्ता ने विद्यार्थियों को महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों एवं उनके महान योगदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी संस्कृत के आदिकवि थे और रामायण जैसी अमर रचना के माध्यम से समाज को आदर्श जीवन का मार्ग दिखाया।

### एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

नरवाना। एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में सोमवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और जनसाधारण की समस्याएं सुनी। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं।

### आज प्रेरणा एक पहल कार्यक्रम का आयोजन

गुहला चीका। डीएवी कॉलेज, चीका में पर्सनल काउंसिल सेल के तत्वावधान में आज 'प्रेरणा : एक पहल' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। डॉ. वीरेंद्रपाल ने बताया कि प्रेरणा' का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है।

### बाबा राजपुरी जी महाराज का भव्य मेला संपन्न

कलायत। गांव बात्ता में बाबा राजपुरी जी महाराज का मेला बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया। सेकड़ो की संख्या में दूर दराज क्षेत्र से पहुंचे श्रद्धालुओं ने डेरा बाबा राजपुरी जी की पूजा अर्चना की। डेरा महंत नरेश पुरी ने बताया कि डेरा बाबा राजपुरी जी के मेले की सबसे बड़ी मान्यता यह है कि यहां पशुओं की सुख-समृद्धि के लिए मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है।

---

### पिपलथा में जयंती समारोह में कैबिनेट मंत्री ने की शिरकत

# महर्षि वाल्मीकि ने समाज को दिया समानता का संदेशः बेदी

### नायब सरकार लाएगी नई वैकल्पिक रोजगार योजना

**स्वरोजगार के लिए 50 हजार की सब्सिडी पर मिलेगा ऋण**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने करोड़ों वर्ष पहले रामायण की रचना कीए वह केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि एक जीवन दर्शन है। जिसमें व्यक्ति समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का गूढ़ संदेश समाहित है। महर्षि वाल्मीकि ने समरसताए सौहार्द तथा समानता का समाज को संदेश दिया है। भारत में अनेक महापुरुषों ने अपनी दार्शनिक विचारधाराएं दींए जिनमें कुछ 100 वर्ष तो कुछ 500 वर्षों तक चलींए लेकिन रामायण एक ऐसा ग्रंथ है जो अनंत काल से हमारे जीवन का हिस्सा बना हुआ है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी नरवाना विधानसभा क्षेत्र के गांव पिपलथा में महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रामायण की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैंए जितनी उस काल में थीं। यह ग्रंथ हमें न केवल धर्म और मर्यादा का पाठ पढ़ाता है बल्कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का मार्ग भी दिखाता है। भगवान राम के चरित्र के माध्यम से वाल्मीकि जी ने यह संदेश दिया कि जंगलोंए गुफाओं और पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले वनवासी और आदिवासी भी राष्ट्र की प्रगति में उतना ही योगदान देते हैंए जितना कि हमारे वैज्ञानिकए व्यापारीए मजदूर तथा किसान। किसी भी समाज की समृद्धि तब तक संभव नहीं जब तक उसमें समरसता न होए और रामायण इसी समरसता की स्थापना का प्रतीक है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने यह भी कहा कि माता शबरी जैसे पात्रों के माध्यम से वाल्मीकि जी ने यह दिखाया कि समाज में हाशिये पर खड़े लोगों को भी बराबर का सम्मान और अवसर मिलना चाहिए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि सरकार अब मुफ्त योजनाओं पर निर्भरता बढ़ाने के बजाय जनता को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है। आज पशुपालन की योजनाओं में लोग इसलिए भाग नहीं ले पा रहे क्योंकि उनके पास पशुओं को रखने के लिए जगह नहीं हैए इसलिए अब ऐसे लोगों को वैकल्पिक स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक योजनाएं लाई जा रही हैं। कार्यक्रम में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का ग्रामीणों द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ फूल मालाएं और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।




नरवाना। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी को सम्मानित करते हुए व कैथल। विधायक सतपाल जांबा समारोह को संबोधित करते।

#### महर्षि वाल्मीकि ब्रह्म ज्ञानी थेः जांबा

कैथल। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि वेदों के ज्ञाता और ब्रह्म ज्ञानी थे। उन्होंने मानवता को शोषितों व पीड़ितों के प्रति करुणा व दया भाव रखने, त्याग करने का पाठ पढ़ाया। उन्होंने महाकाव्य रामायण की रचना की, जो हमें धर्म और कर्तव्य का पाठ पढ़ाती है। केंद्र व प्रदेश सरकार महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाओं एवं आदर्शों के अनुरूप वंचित वर्ग का उत्थान करने में लगे हुई हैं। विधायक सतपाल जांबा सोमवार को जींद रोड स्थित पंचायत भवन में महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मौके पर उनके साथ बीजेपी की जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व विधायक लीला राम विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके हुई। सभी अतिथिगणों ने महर्षि वाल्मीकि को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

---

# एसपी ने किया जनरल परेड का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

सोमवार को जिला पुलिस लाइन कैथल में जनरल परेड का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी उपासना ने परेड का निरीक्षण कर अधिकारियों व कर्मचारियों को अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने के आदेश दिये। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जनरल परेड दौरान डीएसपी बीर भान, सभी चौकी प्रभारी व थाना प्रबंधक, एसपी ऑफिस में तैनात अन्य पुलिस कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान एसपी उपासना ने सभी को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया।



कैथल। एसपी उपासना परेड का निरीक्षण करते। फोटो :हरिभूमि

#### अपने अपने क्षेत्र में निरंतर गश्त करें

एसपी उपासना ने कहा कि हमें बेहतर पुलिसिंग के लिए कार्य करना है। अपराध की रोकथाम तथा अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए अपने अपने क्षेत्र में निरंतर गश्त करें। निरंतर रूप से संदिग्ध वाहनो व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करें। आमजन से मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें और अपराध और अपराधियों से सख्ती से निपटें। इस दौरान एसपी द्वारा पुलिस कर्मचारियों की विभागीय समस्याओं को भी सुनकर उनका समाधान किया गया। राइडर्स व डायल 112 पर तैनात कर्मचारियों को दिए उचित दिशा निर्देश दिए गए।



अग्रवाल धर्मशाला में बाबा श्याम के भजनों पर झूमते श्रद्धालु साथ में विधायक सतपाल जांबा।

#### श्याम बाबा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

पूंडरी। पूंडरी की अग्रवाल धर्मशाला में रविवार को अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित बाबा श्याम के भव्य कीर्तन कार्यक्रम में श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखने को मिला। धर्मशाला में सजे भव्य दरबार में श्रद्धालु बाबा श्याम के भजनों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद भजन गायक मंडली ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सतपाल जांबा और विशिष्ट अतिथि सुरभि गर्ग ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता प्रधान अशोक बंसल ने की। सतपाल व सुरभि ने कहा कि अग्रसेन जयंती केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज को एकता, सेवा और संस्कारों की प्रेरणा देने वाला दिन है। अग्रवाल युवा सभा के प्रधान साहिल गर्ग ने बताया कि यह आयोजन समाज की एकता और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। कार्यक्रम की सफलता के लिए सहयोग देने वाले सभी सदस्यों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

### अग्रोहा मेला आज लाखों श्रद्धालु पहुंचेगेः गोयल

जींद। अग्रोहा धाम के प्रदेश प्रवक्ता डा. राजकुमार गोयल ने बताया कि अग्रोहा के अग्रोहा धाम में सात अक्टूबर को ऐतिहासिक मेला लगने जा रहा है। इस मेले में पूरे देश से लाखों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचेंगे। मेले में जींद की भी पूरी भागीदारी रहेगी। जहां उचाना, नरवाना, सफीदों, जुलाना, पिल्लूखेड़ा क्षेत्रों से काफी श्रद्धालु मेले में पहुंचने वाले हैं। वहीं जींद से भी कई बसे मेले में पहुंचेगी। गोयल ने बताया कि इस दिन सात अक्टूबर को सुबह शक्ति सरोवर स्नान, भव्य कलश यात्रा, छप्पन भोग का कार्यक्रम रहेगा। इसी दिन दोपहर को भंडारे का आयोजन होगा। ध्वजारोहण के साथ सम्मेलन का आयोजन होगा। सम्मेलन में समाज के राष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल होंगे। जो समाज हित और राष्ट्र हित को लेकर गहन मंथन करेंगे। मेले में समाज हित में कार्य करने वाली देश प्रदेश की विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

---

#### किशोर शिक्षा संभावित जोखिमों पर सेमिनार

जींद। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना के तहत बागडू कलां गांव के नेशनल वमावि में स्थापित बाल सलाह, परामर्श व कल्याण केंद्र संख्या 114 के तहत सोमवार को प्रभावी किशोर शिक्षा संभावित जोखिमों को समझना विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। इसमें किशोर विद्यार्थियों व उनके शिक्षकों को मुख्य वक्ता मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल ने कहा कि बेहतर जीवन निर्माण हेतु अपनी रूचियों, क्षमताख मूल्यों और व्यक्तित्व पर गौर करके बेहतर करियर चुनाव की जाएगी। पाठ्यक्रम की शिक्षा महत्वपूर्ण होती है अर्जित परिणाम से पहले उम्र विशेष पर गौर करते प्रभावी किशोर शिक्षा हेतु भी ज्ञान बढ़ाना होगा। जिनका उद्देश्य किशोरों की चिंताओं का समाधान करना, आयु उपयुक्त सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक जानकारी प्रदान करना, स्वस्थ सकारात्मक सहायक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना और ऐसे जीवन कौशल विकसित करना जिससे बढ़ती उम्र में वास्तविक जीवन की परिस्थितियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके।



जींद। बच्चों से बातचीत करते अनिल मलिक। फोटो :हरिभूमि



उचाना। अतिरिक्त मंडी में धरने पर बैठे किसान एवं अनशन कर रहे बलराज।

#### नमी के नाम पर कटौती का आरोप

उचाना। पीआर धान में नमी के नाम पर कटौती किए जाने के आरोप लगाते संयुक्त किसान, मजदूर मोर्चा द्वारा अतिरिक्त मंडी के गेट पर अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया। ये धरना किसान नेता आजाद पालवां की अगुवाई में शुरू किया। धरना पर मंडी के पूर्व प्रधान बलराज श्योकंद ने अनिश्चित कालीन अनशन शुरू किया। बलराज श्योकंद ने कहा कि पीआर धान की खरीद में नमी के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है। पीआर धान उचाना में भाव कम मिलने से किसान दूसरी मंडियों में जाकर बेच रहे है। किसान कम भाव मिलने पर पीआर मंडी लेकर नहीं आएगा तो आढ़ती क्या करेंगे। किसानों को पीआर धान का सही भाव मिलना चाहिए। यहां पर अतिरिक्त मिलर अलॉट किए जाए ताकि जो पीआर धान है वो सही बिक सकें। अब यहां पर दो मिलर अलॉट है। जब तक पीआर धान सही भाव पर नहीं बिकेगी तब तक अनशन जारी रहेगा। आजाद पालवां ने कहा कि सरकार एमएसपी भाव पर पीआर धान खरीद के दावे कर रही हैं। उचाना में नमी के नाम पर फसल के कम भाव किसानों को दिए जा रहे हैं।

#### प्रतिभा को प्रोत्साहित करना उद्देश्य

जींद। राज्यस्तरीय हरियाणा टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन के लिए हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा विद्यार्थियों के ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया एचकेसीएल पोर्टल पर प्रारंभ कर दी है। महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार भोला ने सोमवार को बताया कि राज्यस्तरीय परीक्षा कई वर्षों से आयोजित की जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य के मेधावी विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानना और उन्हें एक सशक्त मंच प्रदान करना है। यह परीक्षा पूर्णतः कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा होगी। इसमें कक्षा 5वीं से 12वीं तक के छात्र व छात्राएं भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है बल्कि स्कूल स्तर पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और नवाचारी सोच को बढ़ावा देना भी है। परीक्षा की तैयारियों को लेकर एचकेसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अभिजीत कुलकर्णी, वर्जन कुलकर्णी, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर आशीष, क्षेत्रीय निदेशक जितेंद्र नेगी एवं महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार भोला के बीच विस्तृत चर्चा हुई।



जींद। बैठक में तिरंगा लगाते हुए। फोटो :हरिभूमि



समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनते डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

#### डीसी ने सुनी आमजन की समस्याएं

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय और उत्तरदायित्व की भावना के साथ कार्य करें ताकि जन शिकायत निवारण प्रणाली अधिक प्रभावी और भरोसेमंद बन सके। डीसी सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायत सुनने के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी ने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त जन शिकायतों का निपटान पूर्ण पारदर्शिता, संवेदनशीलता और शीघ्रता के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का संतोषजनक समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। शिविर के दौरान सड़क निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, परिवार पहचान पत्र में आय संबंधी सुधार, रोजगार, पेंशन स्वीकृति तथा अन्य सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। डीसी ने प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से सुनवाई करते संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---



जींद। प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

#### टेलेंट शो में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय में टैलेंट शो कार्यक्रम की द्वितीय श्रेणी में गायनए वादन एवं एकल अभिनय की प्रस्तुति संगीत गायन एवं वादन विभाग के द्वारा आयोजित करवाई गई। गायन प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष की छात्राओं ने फिल्मी, देशभक्ति एवं ईश्वर स्तुति के गीतों से सब का मन मोह लिया। वादन की प्रतियोगिता में छात्राओं ने हारमोनियम व पट्टी तरंग को बजा कर अपनी भागीदारीता की। एकल अभिनय में छात्राओं ने आधुनिक प्रसंग में वृद्धों को परिवार में बोझ समझने का, लड़कियों से छेड़छाड़ व गरीबी आदि विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दी। इन प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन करके विजेता बनाने तक का कार्य डा. सुषमा गर्ग, डा. क्यूटी व आरती सैनी ने कियाए जिसके आधार पर गायन में खुशी प्रथम स्थान पर, दीपिका द्वितीय स्थान पर तथा अश्मित तृतीय स्थान पर रही। एकल अभिनय में कुमारी विशाखा तृतीय वर्ष से प्रथम स्थान पर, इंदु तृतीय वर्ष से द्वितीय स्थान पर एवं कुमारी वर्षा बीसीए से तृतीय स्थान पर रही। वादन की प्रतियोगिता में दीपिका प्रथम, दिव्या द्वितीय तथा खुशी तृतीय स्थान पर रही।

# क्रांतिकारी मनरेगा मजदूर यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

क्रांतिकारी मनरेगा मजदूर यूनियन के जिला प्रधान अजय कुमार के नेतृत्व में कलायत ब्लॉक के मनरेगा मजदूर बीडीपीओ कार्यालय के प्रांगण में इकट्ठे हुए और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की हरियाणा सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद इसके बाद इन्होंने अपनी मांगों का ज्ञापन बीडीपीओ रितु शर्मा को दिया। उनकी मांगों में सभी मनरेगा मजदूरो को 100 दिन का काम सरकार गारंटी से देने का काम करें। राष्ट्रीय स्तर की निगरानी कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर निदेशक मनरेगा योजना द्वारा कुछ कार्यों पर रोक लगा दी गई है उसे दूर किया जाए। जिन कार्यों पर रोक लगी है उनमें मिट्टी कार्य तालाब गहरीकरण खेत तालाब निर्माण जल संरक्षण कार्य नहर सफाई आदि। इन कार्यों को करने के लिए मनरेगा विभाग को दोबारा से यही कार्य करने की अनुमति दी जाए। मजदूरों का कार्य स्वीकृति मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया को समय बंद किया जाए।मनरेगा कार्यों के लिए ग्राम सभा व मनरेगा मजदूरों की राय ली जाए।



कैथल। बीडीपीओ कार्यालय को ज्ञापन सौपते मजदूर यूनियन के सदस्य।



उचाना। पीआर धान खरीद का जायजा लेने पहुंचे डीएफएससी सौरभ चोयल।

#### पीआर धान खरीद का लिया जायजा

उचाना। अतिरिक्त मंडी में पीआर धान की खरीद का जायजा लेने डीएफएससी सौरभ चोयल पहुंचे। उचाना में खाद्य आपूर्ति विभाग की पीआर की खरीद है। मार्केट कमेटी सचिव योगेश गुप्ता सहित आढ़ती भी मौजूद रहे। यहां पर पीआर धान की खरीद का जायजा लेने के साथ-साथ आढ़तियों, किसानों से भी बातचीत कर उनको आने वाली समस्याओं के बारे में जाना। आढ़तियों ने कहा कि पीआर धान की आवक तेज हो रही है। यहां पर दो मिल खरीद को लेकर अलॉट किए गए है। यहां पर मिल खरीद के लिए अतिरिक्त अलॉट किए जाने की मांग की। उठान की रफ्तार धीमी होने की जानकारी भी आढ़तियों ने दी। आढ़तियों ने कहा कि सरकार का नियम है कि उठान के बाद ही किसान के खाते में पेमेंट आएगी। जब तक उठान नहीं होगा तो पेमेंट किसान के खाते में देरी से आएगी। डीएफएससी सौरभ चोयल ने कहा कि जो भी पीआर धान सरकारी मापदंड पर खरीद उतर रही है उसको एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। यहां पर अगर जरूरी हुआ तो अन्य मिल भी अलॉट किए जाएंगे।

---

### जाट प्राइवेट आईटीआई कैथल में मनाया वार्षिक दीक्षांत समारोह

# विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा की अध्यक्षता में जाट आईटीआई में वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जाट हाई स्कूल सोसाइटी की प्रबंधक समिति के प्रधान राजकुमार, उप-प्रधान बलजिंदर, महासचिव एडवोकेट रश्मि तथा कोषाध्यक्ष बलकार नैन मौजूद रहे। प्रधानाचार्य तथा स्टाफ सदस्यों ने पुष्पगुच्छ देकर तथा लड़कियों ने बैज लगाकर मुख्य अतिथिगण का सम्मान तथा स्वागत किया। मुख्य अतिथिगण ने अपनी-अपनी ट्रेड में प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को डिप्लोमा, प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इलेक्ट्रीशियन ट्रेड प्रथम वर्ष में रीना 90% अंक लेकर प्रथम,राहुल 89% अंक लेकर द्वितीय,अजय 88% अंक लेकर तृतीय, इलेक्ट्रीशियन ट्रेड द्वितीय वर्ष में 95% अंक लेकर मोनिका प्रथम,89% अंक लेकर हर्ष द्वितीय, 88% अंक लेकर हरपाल तृतीय,फिटर ट्रेड प्रथम वर्ष में 87% अंक लेकर अमन प्रथम,82 % अंक लेकर अंशिल द्वितीय,81% अंक लेकर मोक्ष तृतीय,फिटर ट्रेड द्वितीय वर्ष में 81% अंक लेकर रविंदर प्रथम,79% अंक लेकर हैप्पी द्वितीय,79% अंक लेकर इशू तृतीय, कोपा ट्रेड में 94 % अंक लेकर योगिता प्रथम,92 % अंक लेकर अंजलि,द्वितीय 90% अंक लेकर सोनू रानी तृतीय,वेल्डर ट्रेड में 87% अंक लेकर रोहित प्रथम,84% अंक लेकर युवराज द्वितीय रहे।



जाट हाई स्कूल सोसायटी के पदाधिकारी जाट आइटीआई के विद्यार्थियों को सम्मानित करते।

#### ये रहे मौजूद

83% अंक लेकर अजय तृतीय तथा हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर ट्रेड में 92 % अंक लेकर कल्पना प्रथम,91% अंक लेकर मोनू द्वितीय तथा 90% अंक लेकर सुमन तृतीय स्थान पाकर सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों की सूची में रहे। मोनिका जिले भर में प्रथम स्थान हासिल करने वाली विद्यार्थी रही। प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने आईटीआई ,अध्यापक और विद्यार्थियों की उपलब्धियां को सराहा तथा अगले सत्र में और ऊंची सफलता प्राप्त करने का आहवान किया। प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा ने विद्यार्थियों को अपने अंदर प्रतिस्पर्धी भावना विकसित करने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने पर बल दिया। प्रधानाचार्य तथा स्टाफ सदस्यों ने चौधरी छोटू राम की प्रतिमा को मुख्य अतिथिगण को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया। कार्यकारिणी सदस्य डा.सत्यवान माजरा, दलबीर कैरो महावीर राविश, राजपाल गुहणा, सनी चौशाला, महावीर कुंडू, विक्रम सोंगल, कुलदीप सिंह, रजत रापड़िया, स्वतंत्रपाल सिंह,, जसवीर मानस इत्यादि मौजूद रहे।



जींद। भाषण प्रतियोगिता में भाग लेते छात्रा। फोटो :हरिभूमि

#### रंगोली प्रतियोगिता में प्रीति प्रथम

जींद। छोटू राम किसान कालेज में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्यअतिथि कॉलेज के प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू रहे। विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि यह मंच आपको अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करता है। यह मंच विद्यार्थियों के लिए प्रथम सीढ़ी है जो उन्हें आगे बढने के लिए प्रेरित करता है। कॉलेज के सांस्कृतिक विभाग के इंचार्ज डा. अजमेर सिंह ने कहा कि यह प्रतियोगिता दो दिन तक महाविद्यालय में आयोजित की गई जिसमें नृत्य में पहला स्थान आरती बीकॉम प्रथम ने प्राप्त किया जबकि पूर्वा दूसरे व सकीना तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन में आरती प्रथम, कोमल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार भाषण प्रतियोगिता में माफी ने प्रथम, सुशील ने द्वितीय व प्रदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता संगोष्ठी में काजल ने प्रथम, प्रिंस ने द्वितीय, प्रदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में सकीना प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रीति बीए फाइनल ने पहला, मीनाक्षी ने द्वितीय व पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप



### छात्र मनखुश ने की एनडीए की परीक्षा पास

**कलायत।** शिक्षा भारती विद्या निकेतन में पढ़ रहे मनखुश ने गत दिनों एनडीए की परीक्षा दी थी। कल इस परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस परीक्षा को पास करने के लिए मनखुश ने बहुत मेहनत कि उन्होंने बताया कि वह हर दिन 9 से 10 घंटे तैयारी करते थे उन्होंने अपनी सफलता के लिए अपने मातापिता व अध्यापकों की अहम भूमिका माना है। शिक्षा भारती के छात्र मनखुश ने विद्यालय में अपने माता पिता का नाम रोशन किया। विद्यालय द्वारा मनखुश की एनडीए की परीक्षा के परिणाम के बाद मनखुशको विद्यालय प्रबंध समिति के द्वारा विद्यालय के प्रबंध निदेशक जितेंद्र सिंह के द्वारा समय का महत्व बताते हुए मनखुश को घड़ी से सम्मानित किया।

### बाइक छिनने के मामले में दो नाबालिगों को पकड़ा

**कैथल।** थाना पुंडरी क्षेत्र में एक युवक से बाइक छीनने के मामले में त्वरित कार्रवाही करते हुए स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा एक नाबालिग को निरुद्ध करने सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव रमाना रमाणी निवासी राज कुमार की शिकायत अनुसार उसका गांव बदनारा में मैडीकल स्टोर है। उसकी दुकान पर एक लड़का दीपक काम पर लगा हुआ है। दीपक 2 अक्टूबर की सुबह किसी काम से उसकी बाइक लेकर चला गया था।

### मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकली

**सीवन।** महर्षि भगवान वाल्मीकि के पावन-प्रकट दिवस के अवसर पर सोमवार को नगर के सोसाइटी बैंक चौक स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पूरे नगर का भ्रमण कर समाप्त हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ कैथल से विधायक आदित्य सुरजेवाला, पूर्व विधायक गुहला बूटा सिंह, प्रधानाचार्य सुदर्शन शर्मा, पूर्व ब्लॉक समिति चेयरमैन पिरथी सैनी तथा कर्मजीत सिंह ने किया। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि संपूर्ण विश्व में पूजनीय हैं।

### किसान यूनियन ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन ने शिव कॉलोनी स्थित किसान भवन में चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत का 90वां जन्मदिवस किसान जागृति दिवस के रूप में मनाया। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतन मान, जिला संरक्षण बारूराम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामफल कंडेला, जिला अध्यक्ष बिंद्र नंबरदार, जिला महासचिव राजेंद्र पहलवान, प्रदेश उपप्रधान उमेद रेढू व जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल पोंकरीखेड़ी ने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से फसल अवशेष जलाने पर जो केस किसानों पर बनाए गए हैं, उन्हें वापस लिया जाए और किसानों को मशीन उपलब्ध करवाई जाए।

## जिले में पांच दुकानों से भरे कोल्ड्रिफ सिरप के सैंपल

# कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर





**जींद।** नागरिक अस्पताल में लगाए गए झूले में सोता हुआ छोटा बच्चा, नागरिक अस्पताल में दवा के लिए लगी लाइन व पीडियाट्रिशियन (बच्चों के चिकित्सक) की ट्रेनिंग में भाग लेते हुए चिकित्सक।

**जिला ड्रग कंट्रोलर गीता गोयल ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों की बैठक लेकर दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

मध्य प्रदेश व राजस्थान में कफ सिरप के सेवन से कुछ बच्चों की मौत के बाद जिला स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह से सतर्क हो गया है। हालांकि अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों द्वारा पहले ही दो साल से कम बच्चों को किसी तरह का कफ सिरप नही दिया जा रहा है। बावजूद इसके इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो, इसको लेकर सभी पीडियाट्रिशियन (बच्चों के चिकित्सक) की ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग में चिकित्स व स्टाफ को बच्चों के उपचार को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की बात कही। अभिभावकों से आह्वान किया कि वो बच्चों को नीम हकीम, कैमिस्ट या चिकित्सकों की बजाए बच्चे के चिकित्सकों से ही दवा लें ताकि बच्चे को सही मिल सके। वहीं बाजारों में भी कफ सिरप को बेचने के लिए दवा विक्रेताओं को खास सावधानी बरतने की बात कही है। साथ ही बिना डॉक्टर की पर्ची व व उसमें भी मरीज की उम्र लिखी होने पर ही कफ सिरप देने की बात कही है। वहीं जिला ड्रग कंट्रोलर ने भी जिले में पांच दुकानों से कोल्ड्रिफ सीरप के सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेटरी भेजे हैं।

### बच्चों को दी जाने वाली दवा को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी एवं बच्चों के चिकित्सक डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि बड़े बच्चों को भी यह दवा बहुत सावधानी और डॉक्टर की सलाह पर ही देनी चाहिए। अस्पताल में दो वर्ष से कम बच्चों को कफ सिरप कभी भी प्रेसक्राइब नही किया जाता है। बच्चों को दी जाने वाली दवा को लेकर वो तथा स्टाफ हमेशा अलर्ट रहता है।

### सवा सौ से अधिक होती है बच्चों की ओपीडी

नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो प्रतिदिन यहां सवा सौ से अधिक बच्चों की ओपीडी हो जाती है। यहां बच्चों का वेट, उम्र व अभिभावकों से पूछताछ के बाद ही उपचार किया जाता है। बच्चों के चिकित्सक डा. रघुवीर पूनिया बच्चों के उपचार की कमान संभालते हैं। अब मध्य प्रदेश व राजस्थान में कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत के बाद सतर्कता बढा दी गई है।

### कफ सिरप से मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग चेता

मध्य प्रदेश व राजस्थान में कफ सिरप के सेवन से कुछ बच्चों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। हालांकि यह मामला मध्यप्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप के इस्तेमाल से बच्चों की मौत का है लेकिन बच्चों के उपचार को लेकर स्वास्थ्य विभाग किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही नही बरतना चाहता है। ट्रेनिंग में सभी संबंधित चिकित्सकों उपचार से संबंधित दिशा-निर्देशों से अवगत करवाया है।

### कफ सिरप के तीन साल्ट भी किए बैन

जिले में कोल्ड्रिफ सीरप के साथ-साथ जिला ड्रग कंट्रोलर ने तीन अन्य प्रकार के साल्ट की दवाइयों को भी बेचने पर पाबंदी लगा दी है। डेक्स्ट्रोमेथॉर्फन, फिनाइलफ्राइन व क्लोरफेनिरामाइन किसी भी दवा में यदि इन तीनों में से कोई साल्ट मिलता है तो फिलहाल उसकी बिक्री किसी भी मेडिकल स्टोर संचालक को नहीं करनी है। जिले में जिला ड्रग कंट्रोलर डा. गीता गोयल ने पांच सैंपल लिए हैं। उनके जिले में फिलहाल कोल्ड्रिफ सीरप की 50 के आसपास बोतल मिली हैं। सभी को कब्जे में ले लिया है। इसके अलावा सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को इन सभी साल्ट से संबंधित अपना स्टाक कार्यालय में भेजने के निर्देश दिए हैं।



**नरवाना।** राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में अव्वल रहे वेदांता स्कूल के विद्यार्थी डायरेक्टर प्रदीप नैन के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

## अनेक विद्यालयों के खिलाड़ियों ने लिया भाग

# वेदांता के छात्रों का कराटे में शानदार प्रदर्शन

■ छात्र आशु पुत्र अमित कुमार ने अंडर-14 श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

वेदांता इंटरनैशनल स्कूल कलौदा खुर्द के विद्यार्थियों ने 58वीं हरियाणा स्कूल गेम्स कराटे चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता आर.के.एस.डीण. स्कूल कैथल में आयोजित की गईए जिसमें राज्यभर के अनेक विद्यालयों के खिलाडियों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रतिभावान छात्र आशु पुत्र अमित कुमार ने अंडर.14 श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। आशु अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। हर्ष पुत्र वेदपाल एवं शुभम पुत्र शमशेर ने अपनी-अपनी भार वर्ग श्रेणियों में द्वितीय स्थानए वहीं जशन पुत्र संजीव एवं निखिल पुत्र संजय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इन विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने वाले विद्यालय के कराटे कोच सुनील ने समर्पण और मेहनत से विद्यार्थियों को प्रतियोगिता हेतु तैयार किया। उनके कुशल मार्गदर्शन में ही विद्यार्थियों ने यह सराहनीय सफलता अर्जित की। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय के निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन ने विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि वेदांता इंटरनैशनल स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैंए जो विद्यालय की सर्वांगीण शिक्षा नीति का परिणाम है। विद्यालय के चेयरमैन रवि श्योकंद ने कहा कि वेदांता के छात्रों ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

# नृत्य में सिमरन ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना के सभागार में प्राचार्या डॉ. अंजना लोहान की अध्यक्षता में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हरियाणवी, पंजाबी, राजस्थानी, हिंदी, क्लासिकल नृत्य, संगीत, मोनो एक्टिंग, पेंटिंग, क्विज, कविता पाठ, वाद्य यंत्र वादनए मिमिक्री, चुटकुले इत्यादि स्पर्धाएं आयोजित हुई जिसमें छात्राओं ने बड़े उत्साह से बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्राओं ने अपने नृत्य के मनमोहक अंदाजए संगीत के सुर ताल लयबद्ध सुरीली आवाज सेए अपने अभिनय सेए ज्ञान से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।





**नरवाना।** प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में नृत्य करती छात्राएं।

### टिटबिट में सुमन रही प्रथम

नृत्य प्रतियोगिता में बी.ए. फाइनल की सिमरन व बी.ए. फस्ट की राखी को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। टिटबिट में बी.ए. सेकंड की सुमन प्रथम स्थान पर रही इसके अलावा वाद्य यंत्र वादन में बी.ए.फाइनल से मोनिका प्रथमए समीना द्वितीय व एमएएए से गरिमा तृतीय स्थान पर रहे। पोईटिकल सिंपोजियम में बी.कॉम. फस्ट की सोनम प्रथम व बी.ए. फस्ट की दीपिका द्वितीय स्थान पर रहे।

# विधायक ने किया सीवन अनाज मंडी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

गुहला विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस ने सीवन अनाज मंडी का औचक दौरा किया और धान सीजन की फसल खरीद व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। मंडी में विधायक ने देखा कि सैकड़ों किसान अपनी उपज लेकर घंटों से इंतजार कर रहे थे, लेकिन भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण अभी तक खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हुई थी। इस अव्यवस्था को देखकर विधायक ने मौके पर ही अधिकारियों को फटकार लगाई और तुरंत खरीदी प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए। विधायक हंस ने कहा कि किसानों की



**सीवन।** अनाज मंडी का दौरा करते हलका विधायक देवेंद्र हंस व उपस्थित अन्य लोग।

मेहनत का अनादर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित एजेंसी के अधिकारियों को तत्काल मंडी में बुलवाया और मौके पर ही फसल की तौल और खरीद शुरू करवाई। उनके हस्तक्षेप के बाद मंडी में खरीद प्रक्रिया प्रारंभ हुई, जिससे किसानों ने राहत की सांस ली। किसानों से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वे 2-2 दिनों से ट्रॉली और ट्रैक्टर लेकर अनाज मंडी में रुके हुए हैं, लेकिन कोई अधिकारी उनकी सुनवाई नहीं कर रहा था। इस पर विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार केवल कागजों में किसानों की हित की बात करती है, जमीन पर हालात बिल्कुल उलटे हैं। सरकार का यह रवैया किसानों के साथ अन्याय है।

### फसल खरीद के सख्त निर्देश

देवेंद्र हंस ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि फसल खरीद में अब किसी भी तरह की देरी, तौल में गड़बड़ी या मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसानों को परेशान किया गया तो संबंधित एजेंसियों और कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही होगी। विधायक ने कहा कि अगर हरियाणा में कांग्रेस की सरकार होती तो किसानों को इस तरह मंडियों में दर-दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ती। कांग्रेस पार्टी किसानों की आवाज सड़क से लेकर सदन तक बुलंद करती रही है और आगे भी करती रहेगी। अनाज मंडी में उपस्थित किसानों ने विधायक देवेंद्र हंस के त्वरित कदम की सराहना की और कहा कि उनके आने से ही खरीदी प्रक्रिया शुरू हो पाई।



### पूर्व विधायक ईश्वर सिंह व नप अध्यक्ष रेखा रानी के निवास पर बड़ौली का जोरदार स्वागत

**गुहला-चीका।** भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली सोमवार को पूर्व विधायक ईश्वर सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष रेखा रानी के निवास स्थान पर पहुंचे। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में बडोली ने कहा कि 25 दिसंबर तक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रचार और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 90 विधानसभाओं में स्वदेशी आंदोलन को लेकर 15 अक्टूबर तक बैठकों का आयोजन किया जाएगा, ताकि जनता को स्वदेशी के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके।

### मांगों को लेकर सौंपे जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी आगामी 25 अक्टूबर से स्वास्थ्य कार्यक्रमों की ऑनलाइन रिपोर्ट तथा अन्य किसी भी प्रकार की आन लाइन एंट्री करने के कार्य बंद करेंगे। छह नवंबर को सिविल सर्जन कार्यालय के सम्मुख धरना व प्रदर्शन करेंगे। बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की राज्य कार्यकारिणी के आदेश पर इस आशय से एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा सोमवार को सीएचसी जुलाना, उचाना, मुआना तथा अलेवा के प्रवर चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन देकर अग्रिम रूप से अवगत करवाया गया।

# 25 से स्वास्थ्यकर्मी बंद करेंगे ऑनलाइन एंट्री का काम



**जींद।** एसएमओ को ऑनलाइन एंट्री का काम बंद करने से संबंधित ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### स्वास्थ्य कर्मचारियों के पास संसाधान की कमी

यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन की राज्य उपप्रधान सुदेश कुमारी, जिला प्रधान प्रदीप लाठर, सचिव गुरनाम सिंह तथा अमरजीत ने बताया कि बार-बार अनुरोध के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा संसाधन उपलब्ध करवाए बिना बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारियों को अपने निजी मोबाइल से स्वास्थ्य कार्यक्रमों की रिपोर्ट को ऑनलाइन करने के लिए बाध्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ अधिकारी अपने निजी स्वार्थ के लिए सरकार को गुमराह करके कर्मचारियों को अनावश्यक परेशान करने पर तुले हुए है।

# नेटबॉल की तीन स्पर्धाओं के लिए ट्रायल आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन कि महासचिव बबीता दहिया ने बताया कि हरियाणा के विभिन्न जिलों में नेटबॉल खिलाड़ी हरियाणा राज्य खेल-2025 में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए कमर कस रहे हैं। इस टूर्नामेंट के लिए जिलों के अलग-अलग हिस्सों में तैयारियों का दौर ज़ोरों पर है। यह चैंपियनशिप राई (सोनीपत ) में 2 से 5 नवंबर तक आयोजित होगी और इसके लिए टीमों का चयन करने के लिए जिला स्तर पर दो दिवसीय ट्रायल सोमवार से शुरू हुई। यह जानकारी देते हुए हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन के



अशोक सहारण

उपाध्यक्ष व नेटबॉल एसोसिएशन जिला कैथल के अध्यक्ष अशोक सहारण ने बताया कि इस बार हरियाणा राज्य खेल 2025 में ट्रेडिशनल नेटबॉल, फास्ट-5 नेटबॉल, मिक्स नेटबॉल, तीनो स्पर्धाओं को शामिल किया गया है। तीनो स्पर्धाओं में लगभग 16 जिलों की टीमें हरियाणा राज्य खेल-2025 में हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 16 जिलों में खिलाड़ियों के अभ्यास और प्रशिक्षण के लिए विशेष केंद्र बनाए गए हैं।

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक में अधिकारियों को डीसी ने दिए निर्देश

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग से संबंधित किसी भी व्यक्ति के साथ यदि कोई आपराधिक या अन्य प्रकार की घटना घटित होती है तो संबंधित विभाग तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पीड़ितों को समय पर आर्थिक व कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जाए। डीसी सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अत्याचार निवारण योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच की जाए और उनका समयबद्ध निपटान सुनिश्चित किया जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## सद्भाव पैदल यात्रा का दूसरे दिन भी हुआ नरवाना हलके में जोरदार स्वागत

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के बयान पर चौ. बीरेंद्र सिंह का पलटवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेंद्र सिंह सदभाव पैदल यात्रा के लिए पूरे प्रदेश भर में निकले है। पद यात्रा के दूसरे दिन नरवाना सर छोटूराम पार्क में सर छोटूराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। यहां से उझाना, बेलरखां सहित अन्य गांव में पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका युवाओं, ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। यात्रा के दौरान आई बारिश में भी पद यात्रा नहीं रूकी। बारिश में ही बृजेंद्र सिंह पद यात्रा में अपने साथियों के साथ चलते रहे। उझाना गांव में फूलों की बारिश से स्वागत किया तो लड्डूओं



**उचाना।** नरवाना के छोटूराम पार्क में सर छोटूराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

से तोला गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह भी यात्रा की शुरूआत में उनके साथ रहे। बाद में वो चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गए।

### भाजपा ने उठाया जेजेपी का फायदा

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष द्वारा जहां तीन बार भाजपा सरकार आने पर कांग्रेस का बीज नहीं जमने के बयान पर पलटवार करते हुए बीरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा में दस साल रहा हूँ वो बीज उसका नहीं जमने देते जो उनके साथ चले जाते है। प्रदेश में जेजेपी मिल गई। साढ़े चार साल उसका फायदा उठाया दस विधायकों को फिर ऐसा कर दिया जो डिप्टी सीएम रहा वो सात हजार वोटों पर रह गया। ये पार्टी जो क्षेत्रीय दल है उसके लिए खतरनाक है। कई चीजें ऐसी होती है जो समाज देरी से समझता है। अब समाज समझ गया। जो बांटने वाली शक्तियां है उनको समाज अब हरियाणा में नहीं अपनाएगा।

### यात्रा लंबी चलेगी, सब होंगे शामिल

यात्रा संयोजक बृजेंद्र सिंह ने कहा कि लोगों में यात्रा को लेकर उत्साह है। अभी हमारा उद्देश्य है जो समाज में हमारा भाईचारा है एकता है उसको ठेस पहुंचाई जा रही है वो बनी रहे। राजनीति अपनी जगह वो चलती रहेगी। यात्रा का समापन कहा होगा ये अभी तय नहीं है। यात्रा में कांग्रेस के बड़े नेताओं के नहीं आने के सवाल पर बृजेंद्र सिंह ने कहा कि यात्रा लंबी चलेगी यात्रा में धीरे-धीरे करके सब शामिल हो जाएंगे। कुछ कांग्रेस नेताओं की नाराजी के सवाल पर पूर्व सांसद ने कहा कि कांग्रेस नेता किस चीज से नाराज ये समझ नहीं आता।

### प्रदेश में पहुंचाएंगे सदभाव का संदेश

पूर्व सांसद ने कहा कि वोट चोरी, बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दे यात्रा के माध्यम से उठाए जाएंगे। दनौदा के ऐतिहासिक चबूतरे से यात्रा का शुभारंभ हुआ है। प्रदेश के कौने-कौने में सदभाव का संदेश यात्रा के माध्यम से दिया जाएगा। यात्रा को लेकर हर किसी के उत्साह नजर आ रहा है। युवा वर्ग सबसे अधिक यात्रा में अग्रणी है। आज किसानों को उनकी फसलों को उचित भाव नहीं मिल रहा है। रोजगार के लिए युवाओं को विदेशों में जाना पड़ रहा है। अपराध प्रदेश में बढ़ रहा है।